भोपाल हाट में विंध्यावैली के दस स्वदेशी प्रोडक्ट लॉन्च

चर्चा में क्यों?

13 अक्टूबर, 2021 को मध्य प्रदेश कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग की प्रमुख सचिव स्मिता भारद्वाज ने **भोपाल हाट** में आयोजित **चरखा खादी उत्सव** में **विंध्यावैली के दस स्वदेशी उत्पाद लॉन्च** किये।

प्रमुख बिंदु

- ‘**आत्मनिर्भर भारत - आत्मनिर्भर मध्य प्रदेश**’ संकल्पना के तहत खादी आयुर्वेद, ग्वालियर के हैंडमेड मिट्टी चारकोल साबुन, हैंडमेड केवड़ा साबुन, हैंडमेड मुल्तानी मिट्टी साबुन, हैंडमेड सेंडल वुड साबुन, अद्यातिहर्ब्स एंड फूड प्रा. लि. जबलपुर के स्टीविया पाउडर, आज़ाद कुटीर उद्योग संस्थान, भोपाल की रूप मंजूरी, इम्यून प्राश, डायबिटीज पाउडर एवं खादी आयुर्वेद, ग्वालियर के केस्टर ऑयल, गुलाब जल एवं बॉडी ऑयल का शुभारंभ किया गया है।
- प्रमुख सचिव ने कहा **विंध्यावैली मध्य प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड के अधीनस्थ एक बैनर** है, जो स्वदेशी उत्पादों के निर्माण में लघु एवं कुटीर उद्यमों को सहायता एवं मार्गदर्शन प्रदान करता है, वर्तमान समय में **प्रदेश भर में इनकी इकाइयों में आत्मनिर्भर मध्य प्रदेश संकल्पना के तहत संचालन** किया जा रहा है।
- उन्होंने बताया कि विंध्यावैली ब्रॉन्ड के अंतर्गत नवीन उत्पादों अगरबत्ती, स्टीविया पाउडर, इंडिगो पाउडर, रूप मंजरी, सतरीठा, इम्यून प्राश, डायबिटीज पाउडर, हैंडमेड साबुन की लॉन्चिंग की गई एवं कबीरा रेडीमेड गारमेंट वस्त्रों की शृंखला में 98 नवीन लेडीज डिज़ाइनर वस्त्रों की बिक्री भी शुरू की गई।
- गौरतलब है कि **आज़ादी का अमृत महोत्सव** एवं **आत्म-निर्भर मध्य प्रदेश** के अंतर्गत खादी तथा ग्रामोद्योग के क्षेत्र में कार्यरत बुनकरों एवं अन्य कारीगरों को सतत् रोज़गार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मध्य प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा भोपाल हाट परिसर भोपाल में 9 अक्टूबर, 2021 से 20 अक्टूबर, 2021 तक चरखा खादी उत्सव का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें 12 राज्यों की लगभग 110 खादी ग्रामोद्योग एवं हेंडीक्राफ्ट इकाइयाँ भाग ले रही हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/indigenous-products-of-vindhyavali-launched-in-bhopal-haat